दिनांक 26, जनवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

गणतंत्र दिवस (दिनांक 26 जनवरी, 2025) के अवसर पर प्राणि उद्यान में दर्शकों की भारी भीड़ रही। प्राणि उद्यान द्वारा गणतंत्र दिवस को भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक प्राणि उद्यान, लखनऊ श्रीमती अदिति शर्मा द्वारा झण्डा रोहण किया गया एवं सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस के लिए विशेष इन्तजाम किये गये थे। दर्शकों/बच्चों ने प्राणि उद्यान की बाल रेल एवं बैट्री चालित वाहन पर सैर की। बच्चे विभिन्न वन्य जीवों को देख काफी उत्साहित थे। बच्चों द्वारा बताया गया कि प्राणि उद्यान में आकर उन्होंने खूब मनोरंजन किया, खासतौर पर बाल रेल पर। दर्शकों द्वारा खिली धूप का पूर्ण रूप आनन्द लिया गया। प्राणि उद्यान को तिरंगें से सजाया गया। दर्शकों द्वारा गुलदाउदी, डहेलिया एवं विभिन्न फूलों–फुलवारियों के साथ फोटो भी खूब खीची गयी। दर्शकों द्वारा बोटिंग पॉण्ड में पैडल बोटिंग का भी आनन्द लिया गया। प्राणि उद्यान के दोनों गेटों पर स्थित पार्किंग पूरी तरह से भरी हुई थी। दर्शकों द्वारा बताया गया कि पार्किंग होने से उन्हें काफी राहत मिली है। दर्शकों द्वारा पार्किंग की काफी सराहना की गयी। प्राणि उद्यान द्वारा शुरू किये गये फूड कोर्ट में भी काफी भीड़ रही। दर्शकों ने फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनन्द लिया। दर्शकों शेर, जेब्रा, जिराफ, हिरन एवं गेंडा के मॉडल के साथ भी खूब फोटों खीचें गये। 26 जनवरी, 2025 (गणतंत्र दिवस के अवसर पर) को प्राणि उद्यान में कुल 13650 दर्शक आये।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक
प्राणि उद्यान, लखनऊ